दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 12 जुलाई 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 283

# देश में कोरोना महामारी में तेजी, एक दिन में रिकार्ड 36,961 नए मामले

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में शनिवार को भी एक नया रिकॉर्ड बना, जिससे महामारी का प्रकोप तेज होता नजर आ रहा है। देश में पहली बार एक दिन में कोरोना वायरस के सर्वाधिक 36,961 नए मामलों के साथ देश में शनिवार को सात बजे तक कोरोना मरीजों का आंकडा सवा आठ लाख को भी पार कर गया है। वहीं एक दिन में रिकार्ड 651 लोगों की मौत के साथ देश में कोरोना से मरने वालों की संख्या भी 22,255 तक पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार को शाम सात बजे तक के आंकडों के मुताबिक देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 8,30,763 हो गए, जिनमें से 2,85,498 लोगों का उपचार चल रहा



है और 5,22,631 लोग उपचार के बाद संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। इस प्रकार करीब 62.78 प्रतिशत मरीज अब तक ठीक हो चुके हैं।

### महाराष्ट्र में ज्यादा मौतें

मंत्रालय के अनुसार एक दिन में 25 हजार से ज्यादा मरीज ठीक हुए हैं। पिछले एक दिन में संक्रमण से हुई 651 मौतों में से सर्वाधिक 226 महाराष्ट्र में, 64 तमिलनाडु में, 57 कर्नाटक में, 42 दिल्ली में, 27 उत्तर प्रदेश और और पश्चिम बंगाल में 26 लोगों की मौत हुई है। इनके अलावा आंध्र प्रदेश में 15 लोगों की, गुजरात में 14, तेलंगाना में आठ और राजस्थान में छह लोगों की मौत हुई है। असम और जम्मू कश्मीर में पांच लोगों की, बिहार, मध्यप्रदेश, ओडिशा और पंजाब में चार-चार लोगों की, हरियाणा और पुदुचेरी में तीन-तीन तथा दो लोगों की मौत छत्तीसगढ़ में हुई है। संक्रमण के कारण देश में कुल 22,255 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से सर्वाधिक 9,893 लोगों की मौत महाराष्ट्र में और 3,300 की मौत दिल्ली में हुई। गुजरात में संक्रमण से मरने वालों की संख्या 2,022 है, तमिलनाडु में 1,829 है, उत्तर प्रदेश में 889 है, पश्चिम बंगाल में 880, मध्यप्रदेश में 638, कर्नाटक में 543 और राजस्थान में 497 है। तेलंगाना में कोविड-19 से मरने वाले लोगों की संख्या 339 है। संक्रमण के कारण 292 की लोगों की मौत आंध्र प्रदेश में हुई, 290 की हरियाणा में, 187 की पंजाब में, 159 की जम्मू-कश्मीर में, 119 की बिहार में, 56 की ओडिशा में, 46 की उत्तराखंड में और 27-27 मरीजों की मौत केरल तथा असम में हुई। झारखंड में 23 लोगों की मौत हुई, छत्तीसगढ़ तथा पुदुचेरी में 17-17 लोगों की, हिमाचल प्रदेश में 11 की, गोवा में नौ की, चंडीगढ़ में सात की, अरूणाचल, त्रिपुरा तथा लद्दाख में एक-एक व्यक्ति की मौत कोरोना वायरस संक्रमण के कारण हुई।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सिंगापुर के आम चुनावों में सत्तारुढ़ पीएपी की जीत

**सिंगापुर।** सिंगापुर की सत्तारुढ़ पिपुल्स एक्सन पार्टी (पीएपी) ने संसदीय चुनाव की 93 में से 83 सीटें जीतकर एक बार फिर सत्ता हासिल की। निर्वाचन अधिकारी तान मेंग दुई ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। पीएपी को इस बार 61.24 फीसदी वोट मिले हालांकि 2015 की तुलना में यह करीब आठ फीसदी कम है। उसे 2015 में 69.86 फीसदी वोट प्राप्त हुए थे। पीएपी के अलावा वर्कस पार्टी को 10 सीटें मिली। उसे 2015 की तुलना में चार सीटें ज्यादा प्राप्त हुई हैं। पीएपी को 83 सीटों में से एसएमसी से 13 और जीआरसी से 15 सीटें मिली जबकि वर्कस पार्टी को सभी 10 सीटें होउगांग एसएमसी, एलजुनिएद जीआरसी और सेंगकांग जीआरसी से मिली। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली ह्सियन लूंग ने चुनाव में जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं कोविड महामारी ने निपटने और आर्थिक स्थिति मजबूत करने तथा इस संकट से उबारने के लिए इस जनादेश का उपयोग करुंगा।सिंगापुर के लोगों द्वारा मुझपर और पार्टी पर भरोसा जताने पर मैं गर्व महसूस कर रहा हूं। पीएपी को 2015 के आम चुनावों में 89 सीटें मिली थी लेकिन इस बार उसे छह सीटें कम मिली हैं।

### फ्रांस में कोरोना से मरने वालों की संख्या 300 के पार हुई

**पेरिस।** फ्रांस में पिछले 24 घंटों में कोरोना से 25 और मरीजों की मौत के साथ ही यहां इससे मरने वालों का आंकड़ा 30004 हो गया है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि फिलहाल कोरोना के 7062 मरीज अस्पताल में भर्ती है। हालांकि यह आंकड़ा गुरुवार की तुलना में कम है। यहां पिछले 24 घंटा में 658 नए मामले आने के साथ ही इससे संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 170752 हो गयी है। इस बीच 218 मरीजों के स्वस्थ्य होने से यहां अब तक कुल 78388 मरीज इस बीमारी से ठीक हुए हैं।

### ब्राजील में कोरोना से 700 से ज्यादा लोगों की मौत

**ब्यूनस आयर्स।** ब्राजील में पिछले 24 घंटा में कोरोना वायरस से 1214 लोगों की मौत के साथ ही इस महामारी से मरने वालो की संख्या 70398 हो गयी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। इस दौरान 45048 नए मामले आने के साथ ही यहां इससे संक्रमित मरीजों की संख्या 1800827 हो गयी है। इस बीच हालांकि दस लाख से ज्यादा मरीज इस बीमारी से स्वस्थ्य भी हुए हैं। इससे एक दिन पहले ब्राजील में कोरोना के 42619 नए मामले सामने आए थे और 1220 लोगों की मौत हुई थी। उल्लेखनीय है कि ब्राजील अमेरिका के बाद ऐसा दूसरा देश हैं जहां कोरोना के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। अमेरिका में कोरोना के 31 लाख से अधिक मामले सामने आए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए गत 11 मार्च को इसे वैश्विक महामारी घोषित किया था।

### बचाव के लिए कड़े उपाय करेगा लेबनानः हसन


**बेरुत ।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री हमद हसन ने शुक्रवार को कहा कि कोरोना से लड़ने के लिए राष्ट्रीय समिति कड़े उपाय लागू करेगी। हसन के मुताबिक इन उपायों में इमारतों और घरों में आइसोलेशन करना और संक्रमित लोगों की निगरानी करना शामिल है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय लोगों को मास्क पहनने और सुरक्षित कानून का पूरी तरह पालन करने के लिए जागरुक करेगा। लेबनान में शुक्रवार को कोरोना के 71 मामले सामने आए जो यहां एक दिन में सामने आने वाला अब तक सर्वाधिक मामला है। नए मामलों के साथ ही यहां इससे संक्रमित मरीजों की संख्या 2082 हो गयी है। हसन ने कहा, हमारे यहां प्रति सप्ताह 200 मामले आ रहे हैं और यह आने वाले सप्ताह 300 प्रति सप्ताह का आंकड़ा छू सकते हैं।

### तुर्की में कोरोना के 1003 नए मामले

**अंकारा।** तुर्की में कोरोना वायरस के 1003 नए मामले सामने आने के साथ ही यहां इससे संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 210965 पहुंच गयी।देश के स्वास्थ्य मंत्री फहरेतिन कोको ने इसकी जानकारी दी।

## हंदवाड़ा में एलओसी के पास मुठभेड़ में 2 आतंकी मारे गए

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा के नौगाम सेक्टर में शनिवार सुबह एलओसी के पास भारतीय सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए। अभी तक की खबर के मुताबिक अभी भी आतंकियों के साथ मुठभेड़ जारी है। आतंकी लगातार फायरिंग कर रहे हैं और सेना भी फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। दो एके -47 और हथियार बरामद किए गए हैं। बताते चलें कि जम्मू कश्मीर में आतंकियों के सफाए से बौखलाया पाकिस्तान आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की कोशिश में जुटा है। इंटेलिजेंस इनपुट के मुताबिक पीओके में लॉन्चिंग पैड्स पर बड़ी संख्या में आतंकवादी मौजूद हैं, जो सीमा पार करने की फिराक में हैं, लेकिन मुस्तैद सुरक्षाकर्मी उन्हें ढेर कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले 7 जुलाई को जम्मू कश्मीर के पुलवामा के गोसू इलाके में एक मुठभेड़ हुई। तब यहां एक आतंकी



को ढेर कर दिया गया। इस बीच मुठभेड़ में तीन सुरक्षा कर्मी घायल हुए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान घर से कूदने की कोशिश करते समय गोली लगने से एक आतंकवादी के मारा गया। इस वर्ष 2020 में अब तक सुरक्षाबलों ने 36 ऑपरेशनों में 92 आतंकी मार गिराए हैं। जबकि इनके 126 से ज्यादा मददगार गिरफ्तार किए जा चुके हैं। 2019 में 150 से अधिक और 2018 में 250 से अधिक आतंकियों को मारा गया था।

## मुठभेड़ में एनएससीएन के छह उग्रवादियों का सफाय, एके 47 समेत चीनी हथियार जब्त

**ईटानगर(आरएनएस)।** अरुणाचल प्रदेश के खोंसा इलाके में सुरक्षाबलों ने आज उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नगा उग्रवादी संगठन एनएससीएन(आईएम) के 6 उग्रवादियों को ढेर कर दिया है। सुरक्षाबलों ने मारे गए उग्रवादियों से 4 एके-47 राइफलें और दो चाइनीज एमक्यू जब्त की हैं। इस एनकाउंटर में असम राइफल्स का एक जवान भी घायल हुआ है जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह मुठभेड़ सुबह करीब साढ़े चार बजे हुई। मुठभेड़ स्थल से छह हथियारों के साथ अन्य युद्धक जैसी सामग्री बरामद हुई है।

जानकारी के मुताबिक असम राइफल्स को खुफिया जानकारी मिली थी कि जनरल क्षेत्र के खोंसा में नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (एनएससीएन-आईएम) के कुछ उग्रवादी छुपे हुए हैं। इस जानकारी के आधार पर असम राइफल्स की एक टीम तैयार की गई और इलाके में खोज अभियान शुरू किया गया।

असम राइफल्स और अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने साथ मिलकर सुबह के समय लोंगडिंग जिले के एनगिनू गांव में खोज अभियान किया। इसी दौरान टीम और एनएससीएन-आईएम उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में छह उग्रवादी मार गिराए गए, जबकि इस मुठभेड़ में असम राइफल्स का एक जवान भी घायल हुआ। यह मुठभेड़ सुबह करीब साढ़े चार बजे हुई। मुठभेड़ स्थल से छह हथियारों के साथ अन्य युद्धक जैसी सामग्री बरामद हुई है। अरुणाचल प्रदेश के डीजीपी ने बताया है कि मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से चार एके-47 राइफल्स और दो चीनी एमक्यू बरामद हुई है। फिलहाल खोज अभियान जारी है।

### पीएम ने 'मन की बात' के लिए किये सुझाव आमंत्रित

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से हर माह प्रसारित किये जाने वाले अपने कार्यक्रम के लिए 'मन की बात' देश की जनता से सुझाव आमंत्रित किये हैं। इस माह 'मन की बात' का प्रसारण 26 जुलाई को किया जायेगा। मोदी ने शनिवार को ट्वीट किया, मैं इसको लेकर पूरी तरह आश्वस्त हूं कि आप इस बात से अवगत होंगे कि छोटी-छोटी प्रेरणा के सामूहिक प्रयास किस तरह सकारात्मक बदलाव लाते हैं। जिन्होंने लोगों के जीवन में बदलाव लाया। कृपया इस माह 26 जुलाई को प्रसारित की जाने वाली मन की बात के लिये अपने सुझाव साझा करें।

## भोपाल में आज से सात दिन का लगेगा लॉकडाउन

### कलेक्टर ने धारा 144 में आदेश जारी किए

**भोपाल (आरएनएस)।** कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी अविनाश लावनिया ने क्षेत्र की जनता की सुरक्षा और कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए क्षेत्र में रविवार 12 जुलाई से 19 जुलाई तक लॉकडाउन करने के आदेश जारी कर दिए है। 12 जुलाई सुबह 5 बजे से 19 जुलाई रविवार रात्रि 10 बजे तक क्षेत्र की सीमाएं सील रहेंगी, किसी भी व्यक्ति को घर से निकलने की अनुमति नहीं होगी, मेडिकल आपातकाल को छोड़कर दुकानें और संस्थान बन्द रहेंगे। बेरिकेटिंग कर क्षेत्र की सीमाओं को बन्द रखा जाएगा। इस सम्बन्ध




में कलेक्टर ने निर्देश जारी कर सीमाएं सम्बन्धित एस डी एम और नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्धारित की जाएंगी, मेडिकल आपात काल और शव यात्रा को छोड़कर अन्य किसी भी कारण से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होगी। आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई नगर निगम के द्वारा की जाएगी। कलेक्टर लवानिया ने बताया कि इस क्षेत्र में लागातर बढ़ते कोविड संक्रमण और मास्क नहीं लगाने, सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं करने, बिना काम के सार्वजनिक जगहों पर घूमने के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे क्षेत्र की जनता को संक्रमण से बचाने के लिए सम्पूर्ण लॉक डाउन का निर्णय लिया गया है।

## नक्सलियों ने स्कूल तोड़ा अब आत्मसमर्पण के बाद बना रहे हैं स्कूल

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के ग्राम भांसी के मासापारा स्कूल यहां स्थित जिस स्कूल को नक्सलियों ने 06 साल पहले तोड़ दिया था, आत्मसमर्पण के बाद उन्ही नक्सलियों के द्वारा पुनः उसी स्थान पर स्कूल का निर्माण कार्य फिर शुरू कर दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर हाल ही में इस इलाके के नक्सलियों ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने ही कहा कि फिर से स्कूल बने, स्कूल का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। प्रशासन भी इस वर्ष स्कूल बनाकर पुनः स्कूल खेलने की कवायद में जुट गया है। दंतेवाड़ा के नक्सलगढ़ बदले हुए हालात की तस्वीर अब दिखने लगी है। नक्सलगढ़ में पहली बार ऐसा हुआ है जब उन्ही नक्सलियों के द्वारा तोड़े गये स्कूल को बनाने का काम भी दोबारा शुरू किया गया



है। उल्लेखनिय है कि नक्सलियों के द्वारा जिले की 11 स्कूलों को ध्वस्त कर दिया गया था, जिसे दूसरी जगह संचालन किया जा रहा है। बीते साल प्रशासन ने उन्हीं गांवों में स्कूल खोलने की योजना भी बनाई थी, लेकिन सालभर बीत जाने के बाद भी दंतेवाड़ा में यह नहीं हो सका। यदि मासापारा स्कूल को दोबारा बनाकर शिफ्ट कराया जाता है, तो नक्सलियों की तोड़ी स्कूल में दोबारा उसी जगह संचालित होने वाली पहली स्कूल होगी। आत्मसमर्पित नक्सलियों की मांग पर दंतेवाड़ा कलेक्टर दीपक सोनी ने वादा किया था कि आप समर्थन दें, हम स्वीकृति देंगे। इसके बाद भांसी से दंतेवाड़ा लौटते ही 24 घंटे के अंदर कलेक्टर ने स्कूल भवन निर्माण की स्वीकृति देकर बाकायदा काम की भी शुरुआत करावा दिया गया।

दंतेवाड़ा एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने नक्सलियों के आत्मसमर्पण व विकास की मांग को लोन वर्राटू अभियान की जीत बताया है।

दंतेवाड़ा कलेक्टर दीपक सोनी बताया कि स्कूल के लिए स्वीकृति देकर काम शुरू करा दिया गया है। अभी बारिश का मौसम है, इसलिए रफ्तार थोड़ी धीमी रहेगी। जल्द ही निर्माण पूरा कराया जाएगा। इसी वर्ष स्कूल भी शिफ्ट कर देंगे।



### सोनिया ने ली कांग्रेस सांसदों की बैठक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शनिवार को पार्टी के लोकसभा सदस्यों के साथ डिजिटल बैठक की जिसमें देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति और कोरोना महामारी के हालात पर चर्चा की गई। लेकिन बैठक के दौरान कई सांसदों ने यह मांग की कि राहुल गांधी को फिर से पार्टी की कमान संभालनी चाहिए।

## न्याय के मंदिर का दरवाजा कभी भी बंद नहीं हो सकताः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) की सुनवाई के दौरान कहा कि न्याय के मंदिर का दरवाजा कभी भी बंद नहीं किया जा सकता। कही। यह एसएलपी एक कर्मचारी के कोरोना से संक्रमित होने के कारण राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में सुनवाई लंबित होने के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया गया था।

न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, न्यायमूर्ति एस अब्दुल नज़ीर और न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी की खंडपीठ ने कहा कि न्याय के मंदिर का दरवाजा कभी भी बंद नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने एसएलपी का यह कहते हुए निपटारा कर दिया कि एनसीएलएटी को ऑनलाइन सुनवाई का कोई तरीका ढूंढना चाहिए था। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, हम एनसीएलएटी से आग्रह करते हैं कि वह अंतरिम रोक के मामले में न्यायाधिकरण के खुलते है सुनवाई करे। इसके साथ ही न्यायालय ने मैसर्स मराठे हॉस्पिटैलिटी बनाम महेश सुरेखा मामले का निपटारा कर दिया। अपीलकर्ता ने एनसीएलटी, मुंबई के आदेश को एनसीएलएटी में चुनौती दी है, लेकिन गत दो जुलाई से वहां न्यायिक कार्य निलंबित कर दिया गया है।

# ईडी ने दिल्ली-एनसीआर में कई टूर एंड ट्रैवल्स कंपनियों पर मारे छापे

**नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली-एनसीआर की कई टूर एंड ट्रैवल्स कंपनियों और उसके चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के खिलाफ छापेमारी में 3.57 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। कंपनियों पर यह छापेमारी भारत की यात्रा पर आने वाले विदेशियों के ई-वीजा प्रसंस्करण में कथित अनियमितताओं के लिए की गई है।**

केंद्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को कहा कि उसने विदेशी विनिमय प्रबंधन कानून (फेमा) के तहत 9 जुलाई को दिल्ली और गाजियाबाद में आठ स्थानों पर छापेमारी की। ईडी ने बयान में कहा कि छापेमारी की कार्रवाई कई टूर एंड ट्रैवल्स कंपनियों के निदेशकों के आवास और कार्यालयों तथा उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट के खिलाफ की गई। इस दौरान ईडी ने 3.57 करोड़ रुपये नकद और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड जब्त किया है।

### ई-वीजा सेवाएं देने के नाम पर अवैध धन की उगाही

प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उसे इस बात की सूचना मिली थी कि ये इकाइयां विदेशियों को ई-वीजा सेवाएं प्रदान करने के नाम पर पेमेंट गेटवे के जरिये विदेशों से अवैध तरीके से धन प्राप्त कर रही है। एजेंसी ने कहा कि शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि ऐसी दो इकाइयों को विदेशियों के भारतीय ई-वीजा के प्रसंस्करण के लिए विदेश से 200 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। हालांकि, इन इकाइयों को सरकार की ओर से इस काम के लिए अधिकृत नहीं किया गया है। ईडी ने कहा कि इसके अलावा ये इकाइयां ऊंचे मूल्य के संदिग्ध लेनदेन में भी शामिल हैं। इसके अलावा यह तथ्य भी सामने आया है कि कुछ चार्टर्ड अकाउंटेंट ने इन इकाइयों के कामकाज के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संदिग्ध लेनदेन में भी इनकी भूमिका है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस मामले की जांच चल रही है। इन कंपनियों के निदेशकों और कार्यकारियों से पूछताछ की जाएगी।

